आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 17.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में वर्ष 2023 का अट्ठावनवां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया।
- समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य केन्द्र की ओर से महिला श्रमिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई।
- कला और संस्कृति विभाग की ओर से अबर्डीन की लडाई में जान गंवाने वाले अंडमानियों को आज श्रद्धांजलि दी जाएगी।
- पर्यटन विभाग की ओर से 'क्यूरेटिंग सिटी एक्सपीरियंस' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में संस्कृत के विद्वान स्वामी रामभद्राचार्य को वर्ष 2023 का अट्ठावनवां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। स्वामी रामभद्राचार्य और प्रसिद्ध उर्दू कवि तथा गीतकार गुलज़ार को 2023 के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने दोनों साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा

स्वामी रामभद्राचार्य ने पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके साहित्यिक कार्यों को मान्यता मिली है।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष रखने के लिए विभिन्न देशों में बहुदलीय शिष्टमंडल भेजने पर विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार प्रत्येक शिष्टमंडल में सत्तारूढ और विपक्षी दलों के सांसद शामिल होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया है कि संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजु ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से इस कूटनीतिक पहल पर बात की है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य पाकिस्तान से पनप रहे आतंकवाद पर भारत की स्थिति से वैश्विक समुदाय को अवगत कराना है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य केन्द्र की ओर से कल दिलानीपुर सामुदायिक भवन में महिला श्रमिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। श्रम विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पचास प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस दौरान श्रम निरीक्षक विजीता देवी ने महिला श्रमिकों को उनके अधिकारों, हकों और उनके लिए उपलब्ध योजनाओं के बारे में जानकारी दी। राज्य समन्वयक डॉ. नीतू सिंधु और लिंग विशेषज्ञ दीपा लक्ष्मी ने उत्पीड़न के प्रकारों और शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पोश अधिनियम पर चर्चा की।

<><><><><><>

मकाचुआ और अफ़्रा–बे के द्वीपों को सभी बंदरगाहों के माध्यम से श्री विजयपुरम और कैंपबेल–बे के बीच जहाज को आवागमन के लिए कॉलिंग पोर्ट के रूप में शामिल किया गया है। दूरदराज के आदिवासी समुदायों के साथ संपर्क बढ़ाने की यह एक ऐतिहासिक पहल है। हाल ही में जहाजरानी विभाग ने एम वी सेंटिनल को अपनी यात्रा के दौरान मकाचुआ और अफ़्रा–बे में रुकने के लिए निर्धारित किया। चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति के बावजूद, जहाज ने अपनी आगे और वापसी की यात्रा के दौरान दोनों द्वीपों पर पहुंचा। जहाज के मकाचुआ द्वीप पर पहुंचने पर, आदिवासी समुदाय ने जहाज का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री विजयपुरम से हर महीने के दूसरे गुरुवार को मकाचुआ और अफ़्रा–बे के लिए नियमित सेवाएँ निर्धारित की जाएँगी।

<><><><><><>

दक्षिण अण्डमान के नव–निर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी और उपाध्यक्ष एस. भूमिनाथन ने कल राजनिवास में उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात कर विभिन्न विकासीय मुद्दों पर चर्चा की।

<><><><><><>

कला और संस्कृति विभाग की ओर से अट्ठारह सौ उनसठ में अबर्डीन की लडाई के दौरान अपनी जान गंवाने वाले महान अंडमानियों को आज श्रद्धांजलि दी जाएगी। कार्यक्रम सुबह नौ बजे से श्री विजयपुरम के जल क्रीड़ा परिसर स्थित 'अबरडीन युद्ध स्मारक' में रखा गया है।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से आपदा प्रबंधन निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में कल 'क्यूरेटिंग सिटी एक्सपीरियंस' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला पिछले महीने आयोजित दो दिवसीय यू टी स्तरीय सम्मेलन का परिणाम है।

इस अवसर पर पर्यटन निदेशक अज़हरूद्दीन —ज़हरूद्दीन काज़ी ने बताया कि विभाग की ओर से पर्यटकों के ठहरने की अवधि बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे पर्यटक समृद्ध इतिहास संस्कृति एवं जीवनशैली का अनुभव कर सके। कार्यक्रम में आई ए टी ओ के अध्यक्ष मोहम्मद जाडवेट, अण्डमान शिप ऑर्नर्स, एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित अन्य हितधारकों ने अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हाल ही में वंडूर ग्राम पंचायत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज कल्याण निदेशालय ने पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और एकीकृत पुनर्वास केंद्र के समन्वय से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को शराब, तंबाकू और नशीली दवाओं के दुरुपयोग से स्वास्थ्य, पारिवारिक जीवन और समाज पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। इसके अलावा मादक पदार्थों के सेवन, अपराध की बढ़ती घटनाओं तथा सार्वजनिक सुरक्षा पर जोर दिया गया। विभिन्न विभागों के वक्ताओं ने नशे की लत से जूझ रहे लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों और रोकथाम के प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

<><><><><><>

खराब मौसम के मद्देनज़र जहाजरानी सेवा निदेशालय ने आम जनता और पर्यटकों के लिए परामर्श जारी किया गया है। मौजूदा खराब मौसम के कारण किसी भी समय अंतर्द्वीपीय और फोरशोर सेक्टर के सेवा को निलम्बित या रद्द किया जा सकता है। यात्रियों को मौसम को देखते हुए अपनी यात्रा सुनिश्चित करने को कहा गया है।

<><><><><><>

बिजली विभाग द्वारा आज दूसरे नम्बर के बिजली ट्रांसफार्मर से तीसरे नंबर के पावर ट्रांसफार्मर पर लोड शिफ्ट करने के चलते दोपहर बारह बजे तक एजेंसी हाउस, गाराचारामा, पांच मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र क्षेत्र, गाराचारामा सब स्टेशन, जापान नाला, ऑस्टिनाबाद, प्रातरापुर कार्बाइंस—कोव, ब्रिचगंज, ब्रुक्शाबाद और चक्करगांव का कुछ हिस्सा, एकेटी मिनीप्लेक्स, बर्ड लाइन, महावीर नगर, कामराजनगर, बिडनाबाद, रंगाचांग, बर्मानाला और चिड़ियाटापू तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

उधर, दक्षिण अण्डमान के कुछ क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति पैंथर–I और पैंथर–II लाइन के रख–रखाव के दौरान, पैनल–पांच, शोल–बे और फेरारगंज फीडरों से गुजरने वाले क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी आवश्यकता अनुसार प्रभावित रह सकती है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

दक्षिण अण्डमान जिला परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के उपराज्यपाल से मुलाकात के समाचार को डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बडी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। गोआ के ग्रामीण विकास मंत्री के उन्मुखीकरण कार्यक्रम के लिए ग्रामीण विकास पंचायती राज संस्थान, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय का दौरा करने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रमुखता दी है। इसके अलावा अखबार ने परिवहन विभाग की ओर से द्वीपों के विभिन्न हिस्सों में प्रवर्तन अभियान चलाए जाने के समाचार को भी प्रथम पृष्ठ के निचले भाग में प्रकाशित किया है। मध्योत्तर अण्डमान ज़िला पुलिस की ओर से सभी थानों में स्कूली बच्चों के लिए अवकाश कक्षाएं शुरू करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है। टी एस जी चैरिटेबल की ओर से अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने भीतर के पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया हैं। नमूनाघर ग्राम पंचायत के अंतर्गत हाथीटापू में चूजे वितरित किए जाने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है।

<><><><><><><>